बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 289 / 2023

(1) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्रा का मूल पंजीयन कार्ड जारी करने, (2) विद्यालय के प्रधान द्वारा मूल पंजीयन कार्ड एवं परीक्षा आवेदन पत्र डाउनलोड कर छात्र/छात्राओं को प्राप्त कराने, तथा (3) ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त सभी छात्र/छात्राओं का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–पी0भार0–141 / 2023, 158 / 2023, 161 / 2023, 177 / 2023 एवं 187 / 2023 के माध्यम से उनी पंजीयन कार्ड जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों का सुधार हेतु पर्याप्त अवसर दिया गया था। छात्रा के आलोक में विद्यालय प्रधान के माध्यम से उनी पंजीयन कार्ड में किये गये ऑनलाईन त्रुटियों का सुधार एवं परिमार्जन के उपरान्त **समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com** पर छात्र/छात्राओं का **मूल पंजीयन कार्ड** अपलोड कर दिया गया है। इसके साथ ही उक्त वेबसाईट पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी अपलोड कर दिया गया है।

2. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए दो प्रकार के आवेदन पत्र का प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जो निम्नवत है :–

i. **सत्र 2023–24 के लिए पंजीकृत नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों के लिए**:– यह प्रपत्र दो खण्डों यथा खण्ड–A एवं खण्ड–B में है। खण्ड– A में क्रमांक 01 से 15 तक विद्यार्थी का विवरण भरा हुआ है, जो विद्यार्थी के पंजीकरण विवरणों के आधार पर है। उसमें विद्यार्थी द्वारा कोई भी छेड़–छाड़ / परिवर्तन नहीं किया जाना है। विद्यार्थी द्वारा मात्र खण्ड– B में क्रमांक 16 से 35 तक के विवरणों को भरा जाना है।

ii. **सत्र 2023–24 के पूर्व के सत्रों के पंजीकृत एवं पात्र पूर्ववर्ती, कम्पार्टमेन्टल, समुल्नत एवं एकल विषय अंग्रेजी कोटि के विद्यार्थियों के लिए**:– यह प्रपत्र एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड– B के) है, जिसका उपयोग पूर्व सत्रों के पंजीकृत उन विद्यार्थियों के द्वारा किया जाना है, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी, कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुल्नत परीक्षार्थी एवं एकल विषय अंग्रेजी कोटि के परीक्षार्थी के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होना चाहते हैं।

3. विद्यालय के प्रधान समिति के उक्त वेबसाईट से **मूल पंजीयन कार्ड** एवं **परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र** डाउनलोड कर अपने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी छात्र/छात्रा द्वारा पंजीयन कार्ड में अंकित विवरणी के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरकर **दो प्रति में अपने विद्यालय के प्रधान के पास जमा किया जाएगा। इसमें से एक प्रति पर विद्यालय प्रधान अपना हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि अंकित करते हुए छात्र/छात्रा को वापस कर देंगे, ताकि छात्र/छात्रा के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन पत्र की दूसरी प्रति विद्यालय के प्रधान के पास संधारित रहेगा।** विद्यालय के प्रधान छात्र/छात्रा द्वारा जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गये विवरण के आधार पर अपने विद्यालय में संधारित अभिलेख से मिली–भाँति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये विवरण सही है। तत्पश्चात दिनांक **03.09.2023 से 17.09.2023 तक** की अवधि में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करते हुए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाना सुनिश्चित करेंगे।

4. **परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–16 में अभ्यर्थी का आधार नंबर अंकित किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी को आधार कार्ड/नंबर आवंटित नहीं हुआ है, तो इस आशय की घोषणा कॉलम–17 में अनिवार्य रूप से की जाएगी। इसके विषय में परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–16 एवं 17 में स्पष्ट निदेश अंकित है।**

5. **यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता / संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान छात्र/छात्रा एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा–A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़ें की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

6. **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है :–**

मद	सामान्य कोटि के लिए	आरक्षित कोटि SC,ST &EBC(BC-I) के लिए
ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क	₹ 70.00	₹ 70.00
परीक्षा शुल्क	₹ 115.00	–
तिथि शुल्क	₹ 430.00	₹ 430.00
अंक पत्र शुल्क	₹ 170.00	₹ 170.00
औपधिक प्रमाण पत्र शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए)	₹ 110.00	₹ 110.00
विज्ञान आन्तरिक शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए)	₹ 55.00	₹ 55.00
कुल	₹ 950.00	₹ 835.00
व्यावहारिक परीक्षा शुल्क (केवल गृह विज्ञान, नृत्य, संगीत एवं ललित कला विषय में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए)	₹ 30.00	₹ 30.00
ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग विद्यालय प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।	₹ 30.00	₹ 30.00
कुल	₹ 1010.00	₹ 895.00

नोटः 1. ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।

2. बेटरमेन्ट एवं एकल विषय (अंग्रेजी) की परीक्षा के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 200.00 रुपये अनुमति शुल्क अलग से देय है जो परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना अनिवार्य है।

3. माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित एवं अनुत्तीर्ण पूर्ववर्ती / कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थियों को औपधिक प्रमाण पत्र शुल्क 110.00 रूपये, विज्ञान आन्तरिक शुल्क 55.00 रूपये एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क 30.00 रूपये देय नहीं है।

7. परीक्षा आवेदन पत्र में यथा–निर्दिष्ट सभी स्तम्भों में अपेक्षित विवरणों को पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे।

8. **नियमित (Regular) एवं स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थियों के लिए**:– वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं, जिन्हें सत्र 2023–2024 के लिए पंजीकृत किया गया है, का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन उनके विद्यालय के प्रधान के द्वारा भरा जाएगा एवं परीक्षा के मद में शुल्क जमा किया जाएगा। ऐसे पंजीकृत छात्र/छात्राओं का डाटा संबंधित विद्यालय के यूजर आई०डी० पोर्टल पर उपलब्ध एवं अपलोड रहेगा। इसके अनुसार संबंधित परीक्षार्थी, जिसका परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जाना है, उसके नाम के सामने अंकित बॉक्स में क्लिक करते हुए Select कर विद्यालय के प्रधान संबंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरेंगे।

9. **बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के परीक्षार्थियों के इंटरमीडिएट के अनुरूप परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षाफल प्रकाशित किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश** :–

(i) **बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में परीक्षा आवेदन भरने के संबंध में**:– वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के छात्र/छात्राओं का गत् वर्ष की भाति इंटरमीडिएट के अनुरूप ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जायेगा।

(ii) वार्षिक / कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा ही अपने किसी एक या एक से अधिक या सभी उत्तीर्ण विषयों में परीक्षोपरान्त बेटरमेन्ट (समुन्नत) करने के लिए बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित होना चाहते हों, तो अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से बेटरमेन्ट (समुन्नत) के रूप में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि में पूर्व के उत्तीर्ण विषय / विषयों में परिवर्तन करने का कोई प्रावधान नहीं है अर्थात् छात्र / छात्रा उसी विषय / विषयों की बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसमें वे पूर्व से उत्तीर्ण हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी को इंटरनल एसेसमेंट / प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक Carry On किया जाता है।

(iii) इंटरमीडिएट में उत्तीर्णता वर्ष के ठीक अगले वर्ष (Immediate Succeeding Year) की वार्षिक परीक्षा में वैसे परीक्षार्थी को सम्मिलित होने का प्रावधान है, एक वर्ष Gap के बाद नहीं, जिसके अनुसार माध्यमिक परीक्षार्थियों के लिए भी व्यवस्था की गयी है। इस आधार पर वर्ष, 2023 से पूर्व के माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 की परीक्षा में बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित नहीं होंगे।

(iv) बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के छात्र/छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति लेने का प्रावधान है, जो स्वतः देय होगी। इसके लिए विद्यालय प्रधान के द्वारा परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति शुल्क भी ऑनलाईन जमा कराना अनिवार्य होगा।

(v) बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के छात्र/छात्रा के लिए विद्यालय प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के आधार पर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन कर Annual/Compartmental-cum-special Examination, 2023 के लिंक पर जाकर Betterment ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षार्थी का वर्ष 2023, परीक्षा का रौल कोड, क्रमांक और पंजीयन संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगा। साथ ही परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा के सभी उत्तीर्ण विषयों को सेलेक्ट करते हुए फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर विद्यालय प्रधान संबंधित अभ्यर्थी का परीक्षा आवेदन भरेंगे।

10. **पूर्ववर्ती अभ्यर्थियों (Ex-Candidate) के लिए –**

(i) माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2022 (सत्र 2021–2022) अथवा 2023 (सत्र 2022–2023) के पंजीकृत छात्र/छात्राओं का पंजीयन संख्या वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 की परीक्षा में पूर्ववर्ती कोटि के रूप में सम्मिलित होने के लिए मान्य है। वैसे पूर्ववर्ती परीक्षार्थी/अभ्यर्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उनके पूर्व के पंजीयन के आधार पर ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए उनके सभी विषयों के लिए विद्यालय प्रधान द्वारा परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरा जायेगा और परीक्षा शुल्क भी जमा किया जायेगा। विद्यालय के प्रधान समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से लॉग–इन करेंगे। लॉग–इन करने के पश्चात् विद्यालय के डैश–बोर्ड के दायीं ओर Annual Secondary Examination, 2024 के लिंक पर जाकर Ex-Student Option Button Select कर परीक्षार्थी का परीक्षा वर्ष, रौल कोड, क्रमांक एवं पंजीयन संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा का विवरण उपलब्ध हो जायेगा। इसके अनुसार परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर विद्यालय प्रधान संबंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरेंगे।

(ii) इस कोटि के परीक्षार्थी, जो पूर्व वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण हुए हैं, जिन्हें इंटरनल एसेसमेंट / प्रायोगिक परीक्षा के विषयों में अंक प्राप्त है, जो इंटरनल एसेसमेंट / प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक Carry On किया जाता है। किन्तु जो परीक्षार्थी पंजीकृत होने के उपरांत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में पहली बार सम्मिलित होंगे, उन्हें इंटरनल एसेसमेंट / प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

11. **कम्पार्टमेंटल कोटि एवं एकल विषय (अंग्रेजी) के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए –**

(i) सत्र 2022–23 के लिए पंजीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों (केवल अंग्रेजी लेकर तीन विषय) में अनुत्तीर्ण रहे हों, तो वे प्रथम अवसर का लाभ लेते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में कंपार्टमेंटल कोटि के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण विषय / विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(ii) सत्र 2022–23 के लिए पंजीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों (केवल अंग्रेजी लेकर तीन विषय) में अनुत्तीर्ण रहे हों, तो वे दूसरे अवसर का लाभ लेते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में कंपार्टमेंटल कोटि के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण विषय / विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(iii) सत्र 2021–22 के लिए पंजीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2022 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों (केवल अंग्रेजी लेकर तीन विषय) में अनुत्तीर्ण रहे हों, तो वे तीसरे अवसर का लाभ लेते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में कंपार्टमेंटल कोटि के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण विषय / विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(iv) ऐसे कोटि के परीक्षार्थियों को इंटरनल एसेसमेंट / प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक ही Carry On किया जाता है। उक्त कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी (Division), ग्रेस अंक एवं अन्य सुविधा का लाभ देय नहीं होगा।

(v) इस कोटि के परीक्षार्थियों का विद्यालय प्रधान स्वयं परीक्षा आवेदन भरेंगे। इसके लिए ये अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से लॉग–इन करेंगे। लॉग–इन करने के पश्चात विद्यालय के डैश बोर्ड के दायीं ओर Annual Secondary Examination, 2024 के लिंक पर Compartmental ऑप्शन सेलेक्ट करेंगे। परीक्षार्थी का वर्ष 2022 / 2023 परीक्षा का रौल कोड, क्रमांक एवं पंजीयन अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हो जाएगा। विद्यालय प्रधान संबंधित परीक्षार्थी के विवरण को जाँच कर Submit करते हुए परीक्षा आवेदन भरेंगे।

12. **सत्र 2023–24 के नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया**:– विद्यालय के प्रधान द्वारा अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन किया जाएगा तथा सत्र 2023–24 के पंजीकृत विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र (खण्ड–A एवं खण्ड–B) डाउनलोड कर सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

12.1 **सत्र 2023–24 के पूर्व के सत्रों के पंजीकृत एवं पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया**:– पूर्व सत्रों के पंजीकृत विद्यार्थी, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुन्नत परीक्षार्थी अथवा एकल विषय के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होना चाहते हैं, के लिए एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड–B के) परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी समिति के पोर्टल पर अपलोड है, जिसे विद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर डाउनलोड कर लेंगे तथा इच्छुक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

13. **समिति के पोर्टल पर परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने की प्रक्रिया**:– विगत कई वर्षों में कुछ विद्यार्थियों का पंजीयन/परीक्षा आवेदन भरने के उपरांत निर्धारित शुल्क कतिपय विद्यालय के प्रधान द्वारा जमा नहीं किए गए हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसके कारण कई विद्यार्थियों का परीक्षाफल काफी अधिक समय तक लंबित रहता है, जो उचित नहीं है। **इसलिए इस वर्ष से यह प्रावधान किया गया है कि जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जायगा, उतने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित शुल्क विद्यालय के प्रधान द्वारा पथमतः जमा किया जाएगा। इसके उपरांत ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा**:–

(i) समिति का पोर्टल **"secondary.biharboardonline.com"** को Opin करेंगे।

↓

(ii) तत्पश्चात Home Page पर Secondary Annual Application for Exam, 2024 पर दिए गए लिंक "Click here ..... " पर Click करें।

↓

(iii) उसके बाद Login Page Open होगा, जिसमें विद्यालय पहले से प्राप्त Login Id तथा Password का उपयोग कर Login करेंगे।

↓

(iv) Login करने के पश्चात् किसी विद्यालय में कितने छात्रों का पंजीयन कराया है, की जानकारी मिलेगी।

↓

(v) जितने भी Regular/Private छात्र/छात्राओं का Application Form प्रिन्ट करना है, उसे Check Box में Tick कर Select कर लेंगे तथा "Print Application Form" पर Click करेंगे, जिसमें उपरांत इन सभी छात्र/छात्राओं का Application Form Print हो जाएगा।

↓

(vi) उसके बाद उपर दिए गए लिंक "Fee" पर जाकर कर "Add Fee" करेंगे। तत्पश्चात Categorywise (Regular/Private/Ex/Betterment/ Compartmental/ Single Subject) संख्या अंकित कर उन्हीं छात्र/छात्राओं का Payment करेंगे, जिनका परीक्षा फार्म भरना हो। उसके उपरांत उनका Application Form Apply करने हेतु Active हो जाएगा।

↓

(vii) Active होने के उपरांत Select Student Category में सही Category (Regular/Private/Ex/ Betterment/ Compartmental /Single Subject) का चयन कर Application Form को "Apply (Submit)" करेंगे।

↓

(viii) उसके उपरांत विद्यालय Submit किए गए Form को View कर देख सकते है।

नोटः– जिस परीक्षार्थी का Registration/Examination Form भरे जाने के बाद में निर्धारित शुल्क जमा होगा / रहेगा, उसका ही Examination Form का Edit/ View Option दिखाई देगा।

14. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 की परीक्षा से पंजीकृत छात्र/छात्राओं के लिए 13 (तेरह) Digit का **BSEB UNIQUE ID** का प्रावधान किया गया है। इसलिए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 (सत्र 2023–24) के पंजीकृत विद्यार्थियों का Unique Id के साथ पंजीयन कार्ड जारी किया गया है। जिन विद्यार्थियों का पंजीयन कार्ड **BSEB UNIQUE ID** के साथ निर्गत है, उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि बिना Unique Id का परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाय, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाना है। जिन विद्यार्थियों का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाएगा, उन विद्यार्थियों को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० पर मिलती रहेगी।

15. **रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** :– पूर्ववर्ती सत्र के जिस विद्यार्थी का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत रहना अनिवार्य है :–

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–

Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो (400 - 500 KB के बीच jpg/jpeg Format में हो)।

Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm

Background :- Plain White or Light Green

(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5.20 KB से अधिक न हो।

16. **परीक्षा शुल्क के भुगतान के संबंध में**:– परीक्षा शुल्क का भुगतान एस०बी०एच०बी० बैंक/एक्सिस बैंक/इंडियन बैंक के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

17. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु वैसे विद्यार्थी, जिनका पंजीयन/अनुमति आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है और बार–बार दिए गए अवसर के बावजूद अभी तक उनका पंजीयन/अनुमति शुल्क जमा नहीं किया गया है। ऐसे विद्यार्थी के बकाया पंजीयन/अनुमति शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा करना आवश्यक होगा, अन्यथा उनका समिति के पोर्टल पर पंजीयन कार्ड एवं ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय के प्रधान की होगी।

18. **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए परीक्षार्थियों की संख्या सहित जमा किये गए पंजीयन/अनुमति शुल्क तथा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के संबंध में**:– सभी विद्यालय प्रधान को यह निर्देश दिया जाता है कि वे वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए अपने विद्यालय के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्राओं की कुल संख्या सहित जमा किये गए पंजीयन/अनुमति शुल्क तथा परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने की तिथि समाप्ति के उपरान्त परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की सत्यापित छायाप्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

19. उत्प्रेषण परीक्षा (Sent-up Examination) के संचालन के उपरान्त विद्यालय प्रधान द्वारा उत्प्रेषित (Sent-up) एवं नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) या अनुपस्थित छात्र/छात्राओं की अलग–अलग सूची (शीट एवं हार्ड कॉपी में) समिति (पोक्षमिक) कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

20. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के जिन छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरा जाएगा और परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा उन्हें उत्प्रेषण (Sent-up Examination) की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्प्रेषित होना अनिवार्य होगा। उत्प्रेषण परीक्षा में अनुपस्थित अथवा नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र कदापि जारी नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक स्वयं जवाबदेह होंगे। ऐसे छात्र/छात्राओं का परीक्षा शुल्क अधिमानक करने पर संबंधित विद्यालय प्रधान के माध्यम से नियमानुसार वापस कर दिया जाएगा।

21. समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर User Manual उपलब्ध रहेगा।

22. **जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई**:– जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी नियमों एवं प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निर्देशित करेंगे। साथ ही किसी कारणवश विद्यालय की मान्यता/संबद्धता निलंबित/रद्द/वापस ली गई हो और ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में कोई भ्रमात्मक स्थिति आती हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्व की भाँति किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से मान्यता/संबद्धता निलंबित/रद्द/वापस ली गई विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरवाने एवं तत्संबंधी शुल्क जमा कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

23. कोविड–19 को S.O.P (Standard Operating Procedure) तथा कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन भी अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

24. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने पर परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नंबर–**0612–2232074** पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा **E-mail ID: bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

25. वर्णित आलोक में सभी विद्यालय के प्रधान, छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक से अनुरोध है कि उपर्युक्त कंडिकावार वर्णित सभी निदेशों का भली–भाँति अध्ययन कर ले तथा इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र **दिनांक 03.09.2023 से 17.09.2023 तक** ऑनलाईन भरने / भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)